# हुडको मंगल बाजार में निगम आयुक्त किए श्रमदान

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 05 अंतर्गत हुड़को में स्वच्छता शपथ, श्रमदान, उद्यान सहित पाइप लाईन लिकेज का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त ने रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 अंतर्गत हुड़को स्थित मंगल बाजार में जन जागरूकता लाने श्रमदान किया गया। निगम आयुक्त, महापौर परिषद सदस्य सीजू एंथोनी, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह सहित अधिकारियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिको की उपस्थिति में श्रमदान कर स्वच्छता शपथ लिये। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्साहपूर्ण श्रमदान किया गया है । सभी पूरे वर्ष भर शहर की स्वच्छता के लिए काम करने का संकल्प लिए हैं । इस तरह श्रमदान से हमारा मोहल्ला, सार्वजनिक स्थल, उद्यान, शासकीय संस्था एवं पूरा संपूर्ण शहर स्वच्छ होगा । हम सभी शहर वासियों गंदगी करने वाले नागरिकों को सच्चे मन से रोकना है और टोकना है, जिससे हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरणीय रोगमुक्त हो सके। आयुक्त के निर्देशानुसार डी.पी.एस. स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्कूल के शिक्षकधशिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में जनभागीदारी से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा संबोधित किया गया। कहा गया कि स्वच्छता अपने घरों से शुरू कर गली, मोहल्लो एवं सार्वजनिक स्थलों में सहयोग दें। जिससे शहर की स्वच्छता को बनाए रखा जा सके। निगम आयुक्त हुडको स्थित भारत माता उद्यान का निरीक्षण कर पेड़ो के छटाई एवं घास सफाई कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देश दिए हैं। हुडको स्थित गुरूद्वारा के पास पुलिया से लगा हुआ पेयजल आपूर्ति हेतु मुख्य पाइप लाईन है, जिसमें लिकेज हो गया है। लिकेज पाईप लाईन का संधारण कराने सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर को निर्देशित किये हैं। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उप अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे एवं कर्मचारी गण सहित समाजसेवी उपस्थित रहे।

